तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

14 शहीद महेंद्र कर्मा विवि की टेबल टेनिस टीम प्री....



14 कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ....



## खबर संक्षेप

### डीएलसीसी की बैठक कलेक्टोरेट में 20 को

**जगदलपुर।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में 20 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर हरिस एस करेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नाबार्ड के प्रतिनिधि भी इसमें विशेष रूप से शामिल होंगे।

### वीर सावरकर भवन में साहित्य सम्मेलन 21 को

**जगदलपुर।** बस्तर की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा उसे नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी रविवार 21 दिसंबर को वीर सावरकर भवन में एक दिवसीय बस्तर साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय साहित्य प्रेमियों और बुद्धिजीवियों में खासा उत्साह है। साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित यह साहित्य सम्मेलन न केवल बस्तर अंचल के स्थापित साहित्यकारों के लिए, बल्कि नई पीढ़ी के लिए भी बस्तर की संस्कृति को गहराई से समझने का एक सुनहरा अवसर साबित होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन अलग-अलग सत्रों में तय की गई है, जहाँ प्रत्येक सत्र के लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित किया गया है ताकि विषयों पर गहन मंथन हो सके।

# नगरनार मंडल में संगठनात्मक मजबूती का संकल्प, कार्यकर्ताओं का उत्साह ही ताकत : रजनीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल में जिला संगठन महामंत्री रजनीश पाणिग्राही के मंडल प्रभारी बनाए जाने के बाद उनके प्रथम आगमन पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एवं पटका पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। बैठक की शुरुआत भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय लिया गया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसईआर की समीक्षा करते हुए आगामी चरणों की कार्ययोजना तय की गई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए-2 आपसी समन्वय से मतदाताओं से सतत संपर्क बनाए रखें। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित कराने तथा किसी भी त्रुटि को समय रहते दुरुस्त करने के लिए जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण किया गया। मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्राही ने अपने संबोधन ▶▶शेष पेज 14 पर

### भाजपा प्रभारी पाणिग्राही ने ली पहली बैठक

#### एसईआर की प्रगति की समीक्षा

संगठनात्मक बैठक में एसईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखने पर विशेष बल दिया गया। आगामी दिनों में बूथ स्तर पर नियमित संपर्क अभियान चलाने, मतदाताओं की समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने, तथा बीएलए-2 की भूमिका को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह तय किया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व क्षेत्र में संगठन और जनसंपर्क दोनों को समान रूप से मजबूत करेगा।



#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया,जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,वरिष्ठ कार्यकर्ता चम्पा बाई,उपाध्यक्ष मोहन सेठिया,लालाराम पटेल, सविता साहनी, महामंत्री राजेश शर्मा,मनोज पटेल,कोषाध्यक्ष संगीता महाराणा,मंत्री सुरेश ठाकुर,सरपंच रेनू बघेल,रघु सेठिया,घनश्याम सेठिया सहित मंडल पदाधिकारी, जनपद सदस्य,पंच,बीएलए-2 एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वक्ताओं ने कहा- स्वस्थ युवा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण

# नशामुक्त बस्तर की अलख स्कूल-कॉलेजों में पहुंची, दिलाई नशामुक्ति व स्वदेशी की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विहिप-बजरंग दल का अभियान

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नशामुक्ति को लेकर समूचे बस्तर जिले में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दल के जिला पदाधिकारी स्कूलों और कॉलेजों में पहुँचकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल बोधघाट, एमएलबी स्कूल, वी पीजी कॉलेज के जनरल हॉस्टल तथा शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, रेलवे कॉलोनी जगदलपुर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के जयघोष के साथ हुई। संचालन नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने किया। जिला मंत्री नवीन देवांगन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ और सबल समाज का आधार होता है। वही आगे चलकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से नशे से सदैव दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशे से परहेज केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। इसकी शुरुआत स्वयं से और अपने परिवार से होनी चाहिए। उन्होंने 'स्वदेशी भारत-विकसित भारत' अभियान पर जोर देते हुए कहा कि देश को वास्तव में विकसित बनाने के लिए हर नागरिक को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी होगी। मातृशक्ति विभाग संयोजिका उमा गुप्ता ने कहा कि नशा परिवार और समाज के पतन का बड़ा कारण है, इसलिए सभी को सुमार्ग अपनाकर स्वस्थ और सुखमय जीवन की ओर बढ़ना चाहिए। इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु,नगर संयोजक जगदीश ▶▶शेष पेज 14 पर




**नशामुक्ति व स्वदेशी का लिया संकल्प**

अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति एवं विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई गई, जिसमें नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने,समाज में जागरूकता फैलाने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राएं तथा विहिप-बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डीमाइनिंग के दौरान सीआरपीएफ ने प्रेशर आईईडी व लेथ मशीन किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में डीमाइनिंग के दौरान सीआरपीएफ टीम ने प्रेशर आईईडी व लगभग 10-12 क्विंटल वजनी लेथ मशीन बरामद किया है। मौके पर ही बीडीएस की टीम ने प्रेशर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया, जिसे माओवादियों ने जवानों को निशाना बनाने प्लांट किया था। जिले में डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी के मार्गदर्शन व कमाण्डेट 214 बटालियन केडी जोशी के नेतृत्व में नेशनल पार्क क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान के संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान 214 बटालियन द्वारा पिल्लूर क्षेत्र में आईईडी व नक्सल सामग्री बरामद किया गया। अभियान के दौरान पिल्लुर कैंप से यंग प्लाटून बेंजामिन सुंडी के नेतृत्व एवं क्यूएडी 214 व बीडीडीएस 214 के साथ टूआईसी विवेक कुमार के नेतृत्व में थाना भोपालपटनम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सफिमारका के इमलीपारा के जंगल क्षेत्र में परिचालनिक अभियान के लिए टीम निकली थी। टीम द्वारा सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा उपयोग में लायी जा रही लगभग 10-12 क्विंटल की लेथ मशीन की बरामदगी की गयी। वहीं पिल्लुर कैंप से 214 बटालियन के सहायक कमाण्डेट अखंड प्रताप सिंह व निरीक्षक सुनील के नेतृत्व में टीम परिचालनिक अभियान के लिए पिल्लुर व कांडलापरती के मध्य निकली थी। अभियान के दौरान टीम द्वारा प्रेशर आईईडी बरामद किया गया, जिसे बम डिस्पोजल स्कवॉड द्वारा मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। एरिया डॉमिनेशन एवं डीमाईनिंग के दौरान टीम ने माओवादियों द्वारा पील्लूर मरवाड़ा मार्ग से लगभग 300 मीटर अंदर कच्चे रास्ते पर यह प्रेशर आईईडी लगाया गया था। बरामद आईईडी को बीयर बॉटल में प्रेशर प्लांट किया गया था।



हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

सुमीत बाजार™



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक
गुरु घासीदास
जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले
किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज

पॉलीकोट बेडशीट 1+2 सेट ₹333
1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में
*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

बस स्टैण्ड के सामने, मेन रोड, कोंडागांव

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

## जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र

# हरिभूमि

## के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं

# शुभकामनाएँ



**श्री पदलाम नाग**
जनपद अध्यक्ष, जगदलपुर



**श्री पुरषोत्तम कश्यप**
जनपद उपाध्यक्ष, जगदलपुर



**श्री अर्जुन सेठिया**
सभापति निर्माण समिति

## जनपद सदस्यगण



## विनीत- जगदलपुर विकासखंड के समस्त ग्रामवासी

## खबर संक्षेप

### जल-मृदा संरक्षण पर दिया गया जोर

**बीजापुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल एवं भूमि संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकासखंड बीजापुर के ग्राम चिन्नाकोडेपाल और चेरपाल में 15 से 16 दिसंबर तक वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रभातफेरी से हुआ जिसमें बच्चों ने जल संरक्षण की महत्ता पर प्रभावशाली नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयोजन के दौरान रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता से जल एवं मृदा संरक्षण का संदेश दिया।

### कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**बीजापुर।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 14 से 20 दिसंबर के अवसर पर जिले में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने उपस्थित सभी अधिकारियों को को ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, अपव्यय रोकने तथा नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर ऊर्जा को अपनाने का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे ऊर्जा का अपव्यय रोकेंगे एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। ऊर्जा संरक्षण के लिए ऊर्जा दक्ष विद्युत उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देंगे तथा सौर ऊर्जा संयंत्रों के उपयोग के लिए स्वयं भी प्रयास करेंगे और आमजन को प्रेरित करेंगे। साथ ही जल के अपव्यय को रोकने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों की कटाई रोकने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण

### शिक्षा, स्वास्थ्य,संस्कृति और स्वावलंबन के माध्यम से बदल रही गांवों की तस्वीर

# ग्रामीण अंचलों में राष्ट्र निर्माण की सशक्त मुहिम बना एकल अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




एकल अभियान द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में समाज निर्माण की दिशा में एक अभिनव और व्यापक पहल की जा रही है। बस्तर जैसे संवेदनशील एवं दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में यह अभियान शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, स्वावलंबन और राष्ट्रीय चेतना के माध्यम से गांव-गांव में सकारात्मक बदलाव की नींव रख रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवक-युवतियों को संस्कारवान, आत्मनिर्भर और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत बनाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अभियान से जुड़े प्राची गर्ग, डॉ प्रदीप पांडे और विकास पारख ने बताया कि एकल अभियान बीते कई वर्षों से ग्रामीण अंचलों में सतत रूप से कार्य कर रहा है। इसके अंतर्गत गांव के ही शिक्षित युवक-युवतियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे अपने गांव के बच्चों को शिक्षा से जोड़ सकें। विशेष रूप से स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य को भी अभियान का अहम हिस्सा बनाया गया है। आरोग्य शिविरों के माध्यम से कुपोषण और रक्ताल्पता जैसी समस्याओं से निपटने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को लोह तत्व की कमी दूर करने हेतु लोहे के बर्तनों में भोजन पकाने और पौष्टिक आहार अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अभियान का तीसरा महत्वपूर्ण आयाम स्थानीय रोजगार एवं स्वावलंबन है। बांसकला, हस्तशिल्प एवं पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देकर ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की जा रही है। साथ ही युवक-युवतियों को देश-दुनिया की समसामयिक जानकारी से अवगत कराकर उनमें बौद्धिक जागरूकता विकसित की जा रही है।

संस्कार शिक्षा के माध्यम से रामकथा,कृष्णकथा और सांस्कृतिक आयोजनों द्वारा ग्रामीण समाज को नैतिक मूल्यों, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता से जोड़ने का कार्य भी अभियान का अहम हिस्सा है। नशामुक्ति,सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और प्रलोभन के माध्यम से हो रहे धर्मांतरण के प्रति जागरूकता फैलाकर ग्रामीणों को आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पहचान के प्रति सजग किया जा रहा है।

#### देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति और भारत माता की आरती

एकल अभियान से जुड़े युवक-युवतियों की टोली द्वारा 20 दिसंबर को जगदलपुर के गुजराती समाज भवन में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति,भारत माता की आरती और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्राची गर्ग ने समस्त शहरवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आव्हान किया है। इस अवसर पर सुमन कार्तिक सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

## पुरुष में द्वारकाधीश व महिला में पामेश्वरी रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वन विद्यालय में मंगलवार को सहायक परियोजना क्षेत्रपाल सत्र 68 वां के 45 दिवसीय वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण एवं छह माही वन रक्षक प्रशिक्षण सत्र 79 वां का संयुक्त रूप से दीक्षांत समारोह अयोजित किया गया। इसमें 50 वन रक्षक एवं 32 सहायक परियोजना क्षेत्रपालों (वन विकास निगम) ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। वन रक्षक प्रशिक्षण में टिकेश्वर नेताम धमतरी वनमंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरुष वर्ग में द्वारकाधीश और



महिला वर्ग में कुमारी पामेश्वरी रहे। प्रशिक्षण अन्तर्गत स्मार्ट क्लास रूम एवं क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विभागीय गतिविधि, वानिकी सम्बंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही साथ शारीरिक गतिविधि, खेल, पीटी परेड, प्रायोगिक अभ्यास आदि कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कमार तिवारी, वन विद्यालय की संचालक शमा फारुकी, सहायक अनुदेशक आरएस कुशवाह, देवनन्दन तिवारी एवं वन विद्यालय के कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल रहे।

### बस्तर में मानव तस्करी का खुलासा

## आम आदमी पार्टी ने 3 लोगों को कराया मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी ने बस्तर अंचल में मानव तस्करी और आदिवासियों के शोषण के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए तीन लोगों को आंध्र प्रदेश से मुक्त कराए जाने का दावा किया है। पार्टी का कहना है कि यह घटना बस्तर में लगातार सामने आ रहे उन मामलों में से एक है, जहां रोजगार का झांसा देकर आदिवासी नागरिकों को दूसरे राज्यों में ले जाकर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है।



आम आदमी पार्टी बस्तर जिला अध्यक्ष दन्तीराम पोयम ने बताया कि पार्टी को लंबे समय से मानव तस्करी और श्रम शोषण की शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता दन्तीराम पोयम, निवासी डीलमिली, के प्रयास से आंध्र प्रदेश से दो महिलाओं और एक पुरुष को मुक्त कराया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इन लोगों को काम दिलाने के नाम पर बाहर ले जाया गया था,जहां उनसे जबरन काम कराया जा रहा था और उन्हें शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और शासन स्तर पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय बने हुए हैं। आम आदमी पार्टी ने इसे आदिवासियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया है।

इस अवसर पर पार्टी नेता समीर खान ने कहा कि बस्तर में स्थानीय स्तर पर रोजगार के पर्याप्त अवसर न होने के कारण आदिवासी मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बाहर जाकर वे शोषण और अत्याचार के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ लिखित में कठोर कार्रवाई की जाए और मानव तस्करी में संलिप्त लोगों को कड़ी सजा दी जाए।

आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि बस्तर के आदिवासियों के साथ किसी भी प्रकार का शोषण, अत्याचार या मानव तस्करी पार्टी को स्वीकार नहीं है। पार्टी ने शासन से मांग की कि बस्तर में स्थानीय रोजगार के स्थायी साधन विकसित किए जाएं, ताकि आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर न होना पड़े। साथ ही पार्टी ने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे मामलों को उजागर करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए उसका संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

आम आदमी पार्टी ने मानव तस्करी के मामलों में त्वरित जांच, दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई, पीड़ितों के पुनर्वास की व्यवस्था और बस्तर क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की ठोस नीति लागू करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जब तक आजीविका के सुरक्षित विकल्प नहीं मिलेंगे, तब तक आदिवासी समाज इस तरह के शोषण के खतरे में बना रहेगा।






## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को कोंडागांव स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही सतत निगरानी व्यवस्था का भी अवलोकन किया और सुरक्षा मानकों के पालन पर संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अग्नि सुरक्षा फायर सेफ्टी से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं अद्यतन करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के समय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया।

### आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण कर दिए निर्देश



**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड के ग्राम बोरगांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां सुव्यवस्थित रखने के साथ बच्चों के दो ड्रेस की उपलब्धता, बच्चों के मनोरंजन के लिए टीवी एवं खेल सामग्रियों को नियमित गतिविधि और सुसज्जित आंगनबाड़ी केंद्र प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने हेतु कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पोस्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है उनका रोस्टर बनाकर शत प्रतिशत बच्चों का आधार बनाने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बच्चियों के खाता खुलवाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित जनपद सीईओ रूपेश नेताम, तहसीलदार जयकुमार नाग भी उपस्थित रहे।

# शहीद महेंद्र कर्मा विवि की टेबल टेनिस टीम प्री-क्वालीफायर राउंड में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के लिए गर्व का क्षण है। शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के दो होनहार छात्रें ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की टेबल टेनिस पुरुष टीम को ऑल इंडिया प्री–क्वालीफायर राउंड क्वार्टर फाइनल तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम में शामिल परमिन चंद नाग एवं अंशु तिवारी शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव ने अपने उत्कृष्ट खेल से विश्वविद्यालय को पूर्वी जोन में ऐतिहासिक सफलता दिलाई। पूर्वी जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पहले मुकाबले में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय को 3–0 से हराया, दूसरे राउंड में राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश को 4–1 से पराजित किया, तीसरे राउंड में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, इम्फाल को भी 4–1 से मात दी। इन लगातार जीतों के साथ टीम ने ऑल इंडिया प्री–क्वालीफायर राउंड में स्थान पक्का किया। क्वार्टर फाइनल में विश्वविद्यालय की टीम का अगला मुकाबला कलकत्ता विश्वविद्यालय से होगा, जिसमें कोंडागांव के खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि पूर्वी जोन में पहली बार विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस पुरुष टीम इस स्तर तक पहुँची है, और इसमें कोंडागांव के छात्रें की निर्णायक भूमिका रही है।

## कोंडागांव के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास



### कोचिंग में भी कोंडागांव की अहम भूमिका

*टीम के कोच एच. आर. यद्ु, क्रीड़ाधिकारी, शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव टीम मैनेजर महेंद्र रजक, क्रीड़ाधिकारी, इंदू केवट शासकीय कन्या महाविद्यालय, कांकेर। इस सफलता पर डॉ. सरला आत्रम, प्राचार्य, शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव, तथा विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि कोंडागांव के ये खिलाड़ी आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले, विश्वविद्यालय और पूरे बस्तर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।*

## कुपोषण उन्मूलन और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य पर विशेष जोर

# अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाएं व परिणाम लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश, परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। उन्होंने बच्चों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने, बेसिक हाइजेनिक आदतें सिखाने तथा गर्म भोजन के साथ रेडी–टू–ईट आहार अनिवार्य रूप से देने पर जोर दिया। कुपोषण में कमी लाने के उद्देश्य से संचालित सुपोषित जीवन अभियान के अंतर्गत बच्चों की पोषण स्थिति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर में शत–प्रतिशत प्रविष्टि एफआरएस एवं पोषण सामग्री का समयबद्ध वितरण सभी कार्यों को त्रुटिरहित रूप से पूर्ण करने के निर्देश। पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खोलने एवं केवाईसी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, समस्त सुपरवाइजर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं एवं बच्चों पर फोकस

*कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाएं और जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विशेष बल दिया गया।*

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में हुई चर्चा



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जाए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शिविर आयोजन के माध्यम से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाएं। मिलों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

### शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा

शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपार आईडी निर्माण शिक्षकों की उपस्थिति, की जानकारी ली गई। वहीं आदिवासी विकास विभाग को छात्रवासों एवं ईएमआरएस भवन निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी पहल की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने महतारी सदन भवनों को महिलाओं की आजीविका गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एनआरसी में बच्चों को समुचित सुविधाएं सभी एंबुलेंस की कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कलेक्टर ने जिले में अवैध रेत खनन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश खनिज अधिकारी को दिए।

### अन्य योजनाओं की भी समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, बीमा योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गम्हरी में 7.8 लीटर अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गम्हरी थाना बांसकोट क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 7.800 बल्क लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग रत्नेश मरावी के मार्गदर्शन में 15 दिसंबर 2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि आरोपी बुधराम कश्यप, पिता– मंहगूराम कश्यप, निवासी ग्राम गम्हरी, थाना बांसकोट के कब्जे से 7.800 बल्क लीटर अन्य प्रांत उड़ीसा निर्मित विदेशी मदिरा माल्ट बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 2040 रुपये है।

### आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, सुरेश कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक धनीराम कुलदीप, शांतिदेवी साहू, कैलाश प्रसाद पाण्डे, अशोक कुमार मण्डावी, नंदकिशोर बघेल तथा वाहन चालक सीनू नेताम उपस्थित रहे। आबकारी विभाग कोण्डागांव ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना विभाग द्वारा जारी दूरभाष नंबर पर दें। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# कलेक्टर ने किया लिंगों घोटुल मांदरी नृत्य दल के कलाकारों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कोंडागांव जिले के लिंगों घोटुल मांदरी नृत्य दल के कलाकारों का मंगलवार को जिला कार्यालय में सम्मान किया गया। नृत्य दल के कलाकारों ने कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कलाकारों को सम्मानित करते हुए उनकी सराहना की और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर पन्ना ने कहा कि कलाकारों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और अनुशासन के बल पर कोंडागांव जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है।

■ राज्य स्तरीय लोक कला महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

### राष्ट्रपति ने दिया था दल को प्रथम पुरस्कार

गौरतलब है कि आदिम जाति विकास विभाग द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय महोत्सव में नृत्य दल ने शानदार प्रदर्शन किया था। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों नृत्य दल को प्रथम स्थान का पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने भी नृत्य दल के सभी कलाकारों को बधाई देते हुए जिले की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने के लिए उनकी प्रशंसा की।



### धान खरीदी केंद्र जुगानीकलार का किया औचक निरीक्षण

**फरसगांव।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को धान उपार्जन की पारदर्शी, सुचारू एवं परेशानी मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड स्थित धान उपार्जन केंद्र जुगानीकलार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में चल रही धान खरीदी की स्थिति का जायजा लिया और शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान टोकन वितरण व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, डनेज व्यवस्था सहित धान की सुव्यवस्थित स्टैकिंग की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधन को निर्देशित किया कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने धान बेचने आए किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने। उन्होंने समिति के स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही खरीदी की जाए।

# ग्रापं मर्दापाल में हुआ वृद्धजनों के सम्मान व सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कोण्डागांव के ग्राम पंचायत मर्दापाल में रजत महोत्सव के अवसर पर वृद्धजनों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कार्राम रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य लुदरू प्रताप सिंह ठाकूर, रामनाथ नाग, श्रीमती रमशीला कार्राम, ग्राम पंचायत मर्दापाल की सरपंच श्रीमती जयन्ती कश्यप, बड़ेकरूषनार की सरपंच श्रीमती दौपती कश्यप, ग्राम जोड़ेगा के सरपंच उमेश कश्यप, उप सरपंच भेलकू राम बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 95 वृद्धजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मर्दापाल के 95 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 15 श्रवण यंत्र, 80 छड़ियाँ एवं 01 बैसाखी का वितरण किया गया। पेंशनधारी वृद्धजनों के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### योजनाओं की जानकारी और नशामुक्ति का संदेश

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने वृद्धजनों को विभागीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण की अपील की गई।वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा सहित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिता में चलित थाना लगाकर बच्चो को किया जागरूक



**फरसगांव।** ब्लॉक के बड़ेडोगर थाना पुलिस ने कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंदा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देय पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) फरसगाँव अभिनव उपाध्याय ने नेतृत्व में बुधवार को बड़ेडोगर थाना प्रभारी अमिताम प्रकाश खांडेकर द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुमका में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अवसर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया। उक्त जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत उपस्थित स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधी जैसे ऑनलाईन ठगी, ओटीपी / एटीएम फाँड, फर्जी कॉल एवं लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाव के उपाय की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामी के बारे में जागरूक करते हुए विशेष रूप से गुवाओं एवं खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिका महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा से संबधित कानूनी प्रावधानों, उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं एवं पुलिरा सहायता प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित नागरिकों को यातायात सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया।

# 'आवासीय विद्यालय भवन की मरम्मत कराएं, फर्नीचर लें'



**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को विकासखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मरम्मत कार्य और डाइनिंग रूम के लिए फर्नीचर क्रय हेतु प्रस्ताव तैयार करने डीएमसी को निर्देशित किया। साथ ही कक्षा में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पढ़ाई के साथ भोजन प्रदाय, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को सभी कस्तूरबा विद्यालय में रफ कॉपी उपयोग न करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान डीएमसी ईमल बघेल, जनपद सीईओ रूपेश नेताम, तहसीलदार जय कुमार नाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिए हुई विशेष सहायता बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में टाइप–1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों के लिए 19 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोण्डागांव में विशेष रोगी सहायता समूह बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में नियमित उपचार, इंसुलिन प्रबंधन, संतुलित आहार, स्कूल में बच्चों की देखभाल, मानसिक व भावनात्मक सहयोग तथा दैनिक जीवन में जरूरी सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसमें यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह, जिला नोडल अधिकारी डॉ. ममता ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावजा महलवार सहित विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। भारत में बच्चों में टाइप–1 डायबिटीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। समय पर जानकारी और उपचार से बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य समिति ने टाइप–1 डायबिटीज से प्रभावित सभी बच्चों और उनके परिवारों से इस विशेष बैठक में शामिल होकर जरूरी जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

■ 19 दिसंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोण्डागांव में होगी बैठक

## खेल प्रतियोगिता में 2000 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

# भूमका में चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल स्पर्धा का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लाक के ग्राम भूमका में ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय बाल क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसका का शुभारम्भ बुधवार को विशिष्ठ अतिथि संतराम नेताम पूर्व विधायक केशकाल और जिपं सदस्य जयलाल नाग, जपं सदस्य रेवती लोकनाथ निषाद, विक्की दास व अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभरोस कुंवर सरपंच और जानकी बाई तिवारी उप सरपंच भूमका ने किया। यह चार दिवशीय खेल प्रतियोगिता 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमें फरसगांव ब्लॉक से 16 जोन के हिर्री, भंडारसिवनी , आलोर , जैतपुरी , मांझीआठगांव , सोड़मा, बड़ेडोंगर , कोटपाड, फरसगांव , चिंगनार, कोनगुड, मोडेंगा, देवगांव, उरंदाबेड़ा , चरकई , बड़ेओडागांव के 2000 से अधिक खिलाड़ी अपने अपनी खेल प्रतिभा दिखाने शामिल हुए है, जिनके देखरेख की जिम्मेदारी 200 से अधिक शिक्षकों कों दी गई है. भूमका में चल रहे चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आये सभी खिलाड़ीयों व शिक्षकों के खाने और रहने की व्यवस्था ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है. प्राथमिक वर्ग और माध्यमिक वर्ग के बच्चे के लिये यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। टूर्नामेंट में कब्बडी, खो-खो, बॉलीबाल, दौड़, ऊँची कुद, लम्बी कूद, दौड़, रिले रेस, समेत विभिन्न प्रकार के खेल खेले जाएंगे।

### सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें: नेताम

इस दौरान विशिष्ठ अतिथि संतराम नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और जीत-हार को महत्व न दें। उन्होंने कहा कि खेल का उद्देश्य अनुभव प्राप्त करना और मित्रता बढ़ाना है, न कि सिर्फ जीतना। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल में मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गायता, पुजारी , पटेल उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम भूमका गाँव के समस्त युवा संगठन सहित ग्रामवासी भरपूर सहयोग दे रहे हैं ।

## पेज 11 के शेष

### नगरनार मंडल में ...

में कहा कि कार्यकर्ताओं में दिख रहा उत्साह संगठन की ताकत है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नगरनार मंडल अनुशासन, एकजुटता और समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### नशामुक्त बस्तर की ....

ठाकुर, नगर सह संयोजकअजय प्रताप सिंह,मातृशक्ति जिला सह संयोजिका प्रज्ञा आचार्य,मातृशक्ति सेवा प्रमुख सुनीता कुशवाहा सहित विद्यालयों के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि
हार्दिक शुभकामनाएँ
पाठकों के
विश्वास के 24 वर्ष
हार्दिक शुभकामनाएँ
जय श्री राम
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
नई दिल्ली
एक शुभचिंतक

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में हुआ वार्षिक खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुणाल दुदावत अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति एवं कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा रहे। इस अवसर पर जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला दंतेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा औपचारिक उद्घाटन एवं विद्यार्थियों के मार्च-पास्ट से हुआ। खेल उत्सव के अंतर्गत विद्यालय के विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों द्वारा ट्रैक एवं फील्ड सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता की गई। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने बस्तर ओलंपिक जैसी जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो विद्यालय की खेल प्रतिभा एवं प्रशिक्षण का परिचायक है। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियों की सराहना करते हुए खेलों को व्यक्तित्व विकास एवं अनुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

■ विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए




## खबर संक्षेप

### कोरलापाल व कटुलनार में हुआ जन चौपाल



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस जनपद गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरलापाल, समलूर, कटुलनार में जन चौपाल कार्यक्रम रखा गया जिसमें 2024-2025 मे प्रथम किश्त प्राप्त व द्वितीय किश्त प्राप्त अप्रारम्भ आवास छत स्तर के आवासो के हितग्राहियो को जल्द से जल्द समय सीमा मे आवासो को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही साथ हितग्राहियों को 90 दिवस मस्टररोल पूर्ण करने, आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, एसबीएम से शौचालय तथा उज्वला योजना से लाभान्वित करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस जन चौपाल में सीईओ गीदम बलराम ध्रुव, सचिव, सरपंच वार्ड पंच रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण




**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर तथा कलेक्टर बीजापुर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में उपजेल निरीक्षण के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने प्रत्येक बैरक का भ्रमण कर निरुद्ध बंदियों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान उपजेल बीजापुर में कुल 178 निरुद्ध बंदी पाए गए। समिति द्वारा सभी बंदियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।
जेल निरीक्षण के समय उपजेल अधीक्षक एनके शुक्ला के साथ विशेषज्ञ समिति के सदस्य नीलाबाई यालम, जेजेबी मिली सत्यान सदस्य, सीडब्ल्यूसी, कु आनंदमई मल्लिक विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, देवा अम्मा मेकल महिला प्रधान आरक्षक तथा संदीप चिड़ेम सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आमजन से सावधानी बरतने की अपील

**बीजापुर।** जिले में बढ़ती ठंड और शीतलहर के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि शीतलहर के दौरान हाइपोथर्मिया और फॉस्टबाइट जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में नागरिकों से अपील की गई है कि वे जारी निर्देशों का गंभीरता से पालन कर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। शीतलहर वह स्थिति होती है जब वातावरण का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला जाता है। इस दौरान ठंडी हवाएं तेज़ी से चलने लगती हैं और कई स्थानों पर पाला या बर्फ जमने की स्थिति बन जाती है जिससे जन-जीवन प्रभावित होता है।

### निधन

#### सायरा बी अंसारी



**भानपुरी।** भानपुरी निवासी सायरा बी अंसारी उम्र 95 वर्ष का सोमवार की दोपहर बाद निधन हो गया। मंगलवार को भानपुरी के स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ऐ खाक किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जमात के लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वे सत्तार अंसारी व गफ्फार अंसारी की माता थी। क्षेत्र के लोग उन्हें मौसी कहकर पुकारा करते थे वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## राज्य के साथ उड़ीसा की टीमें भी मैदान में

# बस्तरवासियों के लिए गर्व का पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड



नगर पंचायत बस्तर स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शहीद स्व. रंजीत कश्यप की स्मृति में आयोजित नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट ने पूरे क्षेत्र को खेल उत्सव में बदल दिया है। 16 दिसंबर से 27 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता ने बस्तरवासियों में खुशी और गर्व का माहौल बना दिया है।

टूर्नामेंट का शुभारंभ शहीद रंजीत कश्यप के परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा शहीद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शहीद परिवार का सम्मान किया गया। शहीद परिजनों की उपस्थिति में उद्घाटन मैच का टॉस संपन्न हुआ। पहला मुकाबला बस्तर वॉरियर्स और सनराइजर्स इलेवन, जगदलपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सनराइजर्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मैच में बस्तर वॉरियर्स की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही और शुरुआती ओवरों में ही चार विकेट गिर गए। इसके बावजूद खिलाड़ियों ने संयम और आत्मविश्वास के साथ खेल जारी रखा, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। बस्तर वारियर्स नें 10 ओवर मे 78 रन बनाये और मैच जीतने मे कामयाब रही जिसमे चेलेंजिंग 11 पहले बैटिंग करते हुये 83 रन बनायीं। बेहद रोमांचक मुकाबले मे अंतिम ओवरो में करमरी टोटल चेस करने में कामयाब रही। बस्तर संभाग से लेकर उड़ीसा तक, इस नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में बस्तर संभाग के सभी प्रमुख जिलों की टीमों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य उड़ीसा की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। अंतरराज्यीय सहभागिता से प्रतियोगिता का स्तर और रोमांच दोनों बढ़ गए हैं। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन तीन रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

रोशनी से जगमगाता स्टेडियम, उत्साहित दर्शक और जोशीले खिलाड़ी बस्तर के खेल इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जोड़ रहे हैं। यह टूर्नामेंट न केवल शहीद रंजीत कश्यप को सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि बस्तर की खेल प्रतिभा, एकता और सांस्कृतिक ऊर्जा का भी प्रतीक बन गया है। बस्तरवासी इस आयोजन को लेकर बेहद खुश और उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## ओम सोनी बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**गीदम।** गीदम निवासी ओम सोनी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं जिसके बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।



गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एव प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा मंगलवार को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्षो की घोषणा की गई जिसमे दन्तेवाड़ा जिले से ओम सोनी का चयन किया गया है । इस घोषणा के बाद स्थानीय लोगो ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई दी है। बता दे कि नगर के ओम सोनी इससे पहले बजरंग दल एव विश्व हिंदू परिषद में रह चुके है । इसके साथ ही वह समाज सेवी संस्था से भी जुड़े है। कोरोनाकाल के शुरुआती दौर से लेकर अंतिम तक उन्होंने जरूरतमंदों की भी सेवा की है । श्री सोनी नगर में सरल स्वभाव एव व्यवहार के धनी माने जाते है। अब उन्हें भाजपा ने एक बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसके बाद सोनी ने भाजपा संगठन का आभार जताया है और पूरी जिम्मेदारी के साथ पद का निर्वहन करने की बात कही है।

## महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण व बाल विवाह उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस महाविद्यालय में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजग बनाना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पृथ्वी संरक्षण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि अर्थकेयर संस्था की प्रतिनिधि नंदिनी दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत के प्रतिष्ठित पर्यावरण सम्मान कार्यक्रमों में से एक है, जिसका आयोजन द टाइम्स ऑफ इंडिया समूह द्वारा जेएसडब्ल्यू ग्रुप के सहयोग से किया जाता है। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जल एवं वायु प्रदूषण, स्वच्छ ऊर्जा तथा युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता की जानकारी दी गई।साथ ही बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधक है और इसके उन्मूलन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## पीएमजीएसवाय के पात्र हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक कुल 7 हितग्राहियों को रुपये 4.89 लाख की अनुदान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आगामी चरण में कुल 5 अतिरिक्त हितग्राहियों को अनुदान राशि का भुगतान किए जाने हेतु संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय में बिल प्रेषित कर दिया गया है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद कों पीएमजीएसवाय 2.0 योजना के तहत 32 आवास स्वीकृत किए गए थे। इस क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बीएलसी (प्रथम चरण) तथा पीएमजीएसवाय 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, यथा नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके साथ ही कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग, बैंक खाता लिंकिंग से संबंधित तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं, जिनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को अनुदान प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। नगरपालिका परिषद अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ देने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। परिषद प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सभी के लिए आवास के संकल्प को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और अधिक हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू हुए ग्रामीण

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत माहराकरका में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र सोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हिरमा कवासी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी तथा विभिन्न पंचायतों के सरपंच, पंच तथा जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जन समस्या निवारण शिविर में सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के द्वारा पंचायतों में संचालित अपने योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान कृषि विभाग के द्वारा 15 हितग्राहियों को उन्नत किस्म के मसूर दाल बीज एवं 3 किसान हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड, महिला बाल विकास विभाग द्वारा 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 2 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन कराया गया।

## मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी का वार्षिक आमसभा सह सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) बिहान योजना अंतर्गत गठित मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का वार्षिक आमसभा सह सम्मेलन आज विकासखंड कुआकोंडा के रीपा नकुलनार परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समुदाय आधारित प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधित में दीदियों का उत्साहवर्धन किया तथा उत्पादक समूहों से जुड़ी दीदियों को लाभांश राशि के चेक वितरित किए। साथ ही उनके करकमलों द्वारा समुदाय आधारित प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। अपने संबोधन में मुडामी ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है कि वे किसी महिला किसान उत्पादक कंपनी के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में सहभागी बने हैं। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा जिले की दीदियां, जो कभी 5 से 10 रुपये की बचत से अपनी यात्रा शुरू की थीं, आज एक सशक्त कंपनी की मालिक बन चुकी हैं, जिसका आने वाले समय में करोड़ों रुपये का वार्षिक टर्नओवर होगा।

कार्यक्रम में एनआरएलएम मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नितेश कुमार देवांगन ने मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में विभिन्न उत्पादों का क्रय-विक्रय कर उल्लेखनीय लाभ अर्जित किया गया है, जिसकी जानकारी सभी शेयरधारकों को दी गई। उन्होंने बताया कि यह छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहली ऐसी कंपनी बनी है, जिसने अपने शेयरधारकों के बीच एक लाख पचास हजार रुपये से अधिक का लाभांश वितरित किया है। गौरतलब है कि मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का गठन 11 अगस्त 2023 को किया गया था। प्रारंभिक वर्ष विभिन्न लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं में व्यतीत होने के उपरांत, बीते एक वर्ष में कंपनी द्वारा 50 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया गया।

## न्यायाधीश आवास निर्माण का हुआ वर्चुअल शिलान्यास व भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य में न्यायिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के न्यायाधीश आवास निर्माण कार्य का मुख्यालय दंतेवाड़ा में शिलान्यास एवं भूमिपूजन आज किया गया। उक्त कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल, पोर्टफोलियो जज जशपुर तथा न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरू, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के पोर्टफोलियो न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उच्च न्यायालय के अन्य न्यायमूर्तिगण, रजिस्ट्रार जनरल, विभिन्न जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं जशपुर जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक न्यायाधीश, अधिकारी, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि जिला न्यायपालिका को आधुनिक, सुदृढ़ एवं सुविधा संपन्न अधोसंरचना उपलब्ध कराना उच्च न्यायालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्मरण करते हुए बताया कि मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के पश्चात उनकी पहली यात्रा दंतेवाड़ा रही थी।

## मंडल प्रभारी ने लिया खोटलापाल व करमरी शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एवं बस्तर मंडल प्रभारी परिश बेसरा ने बस्तर मंडल के खोटलापाल एवं करमरी शक्ति केंद्रों में पहुंचकर सशक्तिकरण के साथ संगठन शुद्धिकरण के लिए विभिन्न स्तर की संगठनात्मक बैठकों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर को लेकर शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक बूथ प्रभारी, बीएलओ 2 सहित कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठनात्मक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि बूथ तथा मंडल के बीच शक्ति केंद्र सेतु का काम करता है। मजबूत शक्ति केंद्र में मजबूत बूथ तैयार होंगे और हर बूथ पर संगठन की मजबूती से विजय की नींव तैयार होगी।उन्होंने कहा कि संगठन के पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्य योजना तैयार करना है।विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ 02,शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।मतदाता सूची के शुद्धिकरण बूथ,सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा किया गया। 21 दिसंबर रविवार को बस्तर विधानसभा स्तरीय ग्राम मूली में एसआईआर को लेकर सम्मेलनआयोजित किया जा रहा है। जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, संयोजक,सह संयोजक, बीएलओ -2 सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण शामिल होने की कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कांतिबाई मौर्य, जनपद सदस्य गजेंद्री बघेल, फूलसिंह मौर्य, किरण सेठिया सहित सरपंच, उपसरपंच, पंच सहित भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक पद्धति से बनी रेड्डी की लेबर बजट को ग्रामसभा की स्वीकृति, 1.95 करोड़ के 60 कार्य प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



वित्तीय वर्ष 2026-27 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किए जाने हैं। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक कार्य की कार्ययोजना, लागत, स्थान, प्रगति, भुगतान एवं प्रभावी परिणामों का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे जनभागीदारी, सामाजिक निगरानी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

इसी क्रम में विकासखंड बीजापुर की ग्राम पंचायत रेड्डी में वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से 60 कार्यों की लेबर बजट तैयार की गई। प्रस्तावित कार्ययोजना को ग्रामसभा में अनुमोदन के पश्चात युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किया गया।

ग्राम पंचायत रेड्डी के तकनीकी सहायक तोरन लाल उर्वशा ने बताया कि जीआईएस तकनीक से लैस युक्तधारा पोर्टल में कार्यों को दो श्रेणियों- जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स और नॉन जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्सकृमें शामिल किया गया है। जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स का उद्देश्य वाटरशेड प्रबंधन, जल संरक्षण, भूमि सुधार एवं पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करते हुए टिकाऊ और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। इस श्रेणी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेड्डी में कुल 30 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नॉन जियोस्पेशियली एनालाइजेबल वर्क्स वे कार्य होते हैं, जिन्हें जीआईएस मैप पर सटीक लोकेशन के साथ मैप एवं विश्लेषित करना संभव नहीं होता। मनरेगा अंतर्गत हितग्राही मूलक कार्य इसी श्रेणी में आते हैं जिनके अंतर्गत ग्राम पंचायत रेड्डी में 30 कार्य शामिल किए गए हैं।

रोजगार सहायक सुशील दुर्गम ने जानकारी दी कि ग्राम रेड्डी एवं आश्रित ग्राम कोटेर में कुल 281 पंजीकृत परिवार हैं तथा दोनों ग्रामों को मिलाकर मनरेगा के अंतर्गत 667 पंजीकृत मजदूर हैं। युक्तधारा पोर्टल में कार्य प्रस्तावित करने के लिए सबसे पहले ग्रामवासियों के साथ बैठक कर सामाजिक मानचित्र, मौसमी मानचित्र एवं संसाधन मानचित्र तैयार किए गए। इसके बाद कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया और ग्रामसभा में अनुमोदन उपरांत कार्यों को पोर्टल में अपलोड किया गया।

उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया सभी के लिए एक नया अनुभव रही जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आने वाले समय में मनरेगा के कार्य अधिक पारदर्शी वैज्ञानिक और परिणामोन्मुखी होंगे।

### शपथ पत्र

मैं दीपक कोष्टा उम्र 59 वर्ष पिता मोहन लाल कोष्टा, निवासी 990 महर्षी आश्रम रोड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, जगदलपुर, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Dipak Kosta S/o. Mohan Lal Kosta, R/o. H.No. 990 Bodhghat Road, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20150001338 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Deepak Kosta S/o. Mohan Lal Kosta, R/o. 990, Maharishi Ashram Road, Swami Vivekanand Ward, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 2455 4320 8596 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम Dipak Kosta S/o. Mohan Lal Kosta, R/o. H.No. 990 Bodhghat Road, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) 494001 के स्थान पर Deepak Kosta S/o. Mohan Lal Kosta, R/o. 990, Maharishi Ashram Road, Swami Vivekanand Ward, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

### न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 16/12/2025

– उद्घोषणा –

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलक गोयल पिता स्व. अस्तु गोयल जाति...... निवासी ग्राम डोगरीगुड़ा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता मंगलदई/अस्तु मृत्यु तिथि 16/06/2019 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत डोगरीगुड़ा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 30/12/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 16/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 30/12/25

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

बधाईयाँ बधाईयाँ बधाईयाँ

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ


रैतुराम बघेल
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
तोकापाल


कामदेव बघेल
जिला पंचायत सदस्य तोकापाल
अध्यक्ष लैम्पस, तोकापाल


मिटकूराम बघेल
अध्यक्ष आदिम जाति सहकारी
समिति, मारेंगा

हार्दिक शुभकामनाएं

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

सत्य के सजग प्रहरी
बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं देश के दिल की आवाज
निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार
संस्कारधानी बिलासपुर से राजधानी रायपुर तक
पाठकों की पहली पसंद

हरिभूमि
रायपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाए



राजेश चौधरी
नेता प्रतिपक्ष
नगर निगम, जगदलपुर



हरिभूमि
रायपुर संस्करण
के 24वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

"हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।"



हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION




समीर खान
बस्तर माटी पुत्र
प्रदेश सह संगठन मंत्री एवं बस्तर प्रभारी
आम आदमी पार्टी

# कालेज से पल्लीगांव तक होगा सड़क चौड़ीकरण, दुर्घटनाओं को रोकने बनेगा डिवायडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के धरमपुरा रोड में पीजी कॉलेज से पल्लीगांव तक लगभग 5 किमी सड़क का चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग की ओर से किया जा रहा है, इसमें डिवायडर भी बनेगा। इससे आए दिन हो रहे दुर्घटनाओं को रोकथाम करने का प्रयास है, साथ ही यातायात का दबाव भी कम हो सकेगा। सड़क चौड़ीकरण होने से न सिर्फ क्षेत्र का विकास हो सकेगा, बल्कि यहां पर सड़क जाम और सड़क दुर्घटना जैसी गंभीर समस्या सभी लोगों को मुक्ति मिलेगी। लोगों का कहना है कि कॉलेज से पल्लीगांव तक की तस्वीर बदलेगी। वह अपेक्षा करते हैं कि समय से कार्य पूर्ण हो और यहां के लोगों को राहत मिल सके। सड़क चौड़ीकरण यहां की आवश्यकता थी, आए दिन दुर्घटनाएं होती थी। इसे रोकने को लेकर लोग लंबे समय से मांग करते आ रहे थे, अब जा कर लोगों की मांग पूरी हुई है। सड़क चौड़ीकरण होने से आम जनता को लाभ मिलेगा। सड़क निर्माण समय से हो, गुणवक्ता पूर्ण हो, इस बात का ध्यान रखना होगा। इस निर्माण में सभी की सहभागिता जरूरी है। सड़क चौड़ी होने पर चालक गति सीमा का पालन करें।

### सड़क चौड़ीकरण व डिवायडर से विकास को मिलेगी गति

#### विद्यार्थियों को होगी सुविधा

बताया जा रहा है कि इसी सड़क से कॉलेज के विद्यार्थियों का आना-जाना होता है। सड़क चौड़ीकरण एवं डिवायडर बनने से विद्यार्थियों को राहत एवं सुविधा हो सकेगी।



#### ठेकेदार को दी नोटिस

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ केसी कश्यप ने बताया कि इस सड़क चौड़ीकरण एवं डिवायडर निर्माण कार्य में ठेकेदार सुस्त होने से दो बार नोटिस दिया गया कि निर्माण कार्य तेज करें। नोटिस को अनदेखा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### केमिस्ट भर्ती परीक्षा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर।** व्यापमं द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट के रिक्त पदों के लिए आयोजित की जा रही लिखित भर्ती परीक्षा 21 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के निर्बाध और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्तर कलेक्टर हरिस एस ने आदेश जारी करते हुए परीक्षा केंद्रों के लिए पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) की नियुक्ति कर दी है। यह परीक्षा निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 1.15 बजे तक चलेगी।

### नियमित टीकाकरण प्रशिक्षण व हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी.मैत्री के निर्देशानुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागगुर में एक दिवसीय व्हीपीडी सर्विलेंस, नियमित टीकाकरण प्रशिक्षण, कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण देने आए विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. मिनल इंदुलकर ने टीकाकरण से पूर्व की तैयारी से लेकर टीकाकरण से होने वाले गम्भीर बीमारियों से बचाव के साथ-साथ टीकाकरण के पाश्चात्य होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के तरीको के बारे में विस्तार से बताया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधे श्याम भवर ने जानकारी देते हुए बताया 21 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो के संबंध में प्रशिक्षण के साथ पल्स पोलियो कार्यक्रम के संबंध मे पूर्ण तैयारी कर ली गई है। इस कार्ययोजना में प्रमुख तौर पर आरएमए विकास दास, सुपरवाइजर नरेश मकाम, लता बघेल, रेखा यादव, तुलावती सेठिया, सीएचओ, आरएचओ, एएनएम, कोल्ड चैन हैंडलर के साथ अन्य कर्मचारी शामिल हुए।


### बस्तर में पल्स पोलियो अभियान 21 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में पोलियो के खिलाफ जंग को और मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियां जोरों पर हैं। 21 दिसंबर को होने वाले इस मेगा अभियान में 0 से 5 वर्ष के एक लाख 24 हजार 377 बच्चों को पोलियो की जीवन रक्षक दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा वंचित न रहे, और शत-प्रतिशत कवरेज हासिल हो। कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में आयोजित डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक में जिला स्तर के सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा विभिन्न विभागों के मैदानी अमले के साथ समन्वय स्थापित कर प्रचार-प्रसार किया जाए। हर गांव, हर पारे-टोले तक संदेश पहुंचे, ताकि उपलब्धि 100 प्रतिशत हो। बैठक में अंतरविभागीय समन्वय पर जोर दिया गया, जिसमें स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा और स्थानीय प्रशासन की भूमिका अहम बताई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यशाला और प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

### प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं व्यवहारिक बनाए जाने ली ईडी से बैठक

# पावर कंपनी कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने ईडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी कार्यालयीन कर्मचारी संघ के तत्वावधान में बस्तर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम के साथ मंगलवार को एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पावर कंपनी में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के आवासों पर लगाए जा रहे रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं व्यवहारिक बनाए जाने को लेकर था, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी इस योजना से प्रेरित होकर लाभ उठा सकें। बैठक में संघ द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में लागू प्रक्रियाओं एवं शर्तों के कारण कई कर्मचारियों को व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। संघ ने बताया कि कर्मचारियों को पूर्व में प्राप्त विद्युत बिल संबंधी फ्रिंज बेनिफिट्स में कटौती किए जाने से असंतोष उत्पन्न हो रहा है, जबकि आम उपभोक्ताओं को शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की रियायतें दी जा रही हैं। संघ ने आशा व्यक्त की कि कर्मचारियों के हित में शीघ्र ही ठोस एवं व्यावहारिक निर्णय लिए जाएंगे, जिससे योजना का लाभ अधिकाधिक कर्मचारियों तक पहुंच सके और कंपनी प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। संघ की ओर से अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, कोषाध्यक्ष योगेंद्र कश्यप, उप महामंत्री हेमेश्वर कुमार पोया एवं प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### सकारात्मक विचार का दिया आश्वासन

संघ द्वारा प्रस्तुत संलग्न ज्ञापन पत्र के माध्यम से प्रमुख रूप से विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया गया। कर्मचारियों के आवासों पर सोलर पावर प्लांट स्थापना हेतु सरल प्रक्रिया एवं आसान किस्तों में भुगतान की सुविधा। कंपनी स्तर पर एकरूप एवं पारदर्शी नीति बनाकर पंजीकृत एवं योग्य वेंडरों का चयन। ऐसे कर्मचारी जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है अथवा जो किराये के मकान में निवासरत हैं, उनके लिए भी उपयुक्त समाधान। योजना के क्रियान्वयन के दौरान कर्मचारियों पर अनावश्यक आर्थिक भार न डाला जाए।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें कार्यपालक निदेशक द्वारा संघ की बातों को गंभीरता से सुना गया तथा सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया गया।

### ओयो रूम्स व होटल संचालक वापस अदा करेगा बुकिंग राशि

जगदलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में ओयो रूम्स एंड होटल प्राइवेट लिमिटेड और होटल वंडर हिल नागपुर के संचालक को बुकिंग हेतु आवेदक से प्राप्त की गई शेष राशि 1575 रूपए वापस एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 5 हजार रूपए अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर निवासी आवेदक अनुवंदकृष्ण तिवारी द्वारा स्वयं की चिकित्सा हेतु ओयो रूम्स एंड होटल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से नागपुर के होटल वंडर हिल में चार दिनों के लिए एक कमरा बुक कराया गया था। आवेदक के होटल में पहुंचने के पश्चात उसे प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के लिए होटल संचालक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही थी, जबकि आवेदक द्वारा अग्रिम राशि पूर्व में ही जमा की गई थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा ओयो रूम्स एंड होटल प्राइवेट लिमिटेड के संचालक से भी की गई थी, जिस पर अग्रिम राशि में से कुछ राशि आवेदक को वापस अदा कर दी गई थी एवं शेष राशि अदा करने से टाल मटोल किया जा रहा था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिले उपभोक्ता आयोग ने माना कि उपभोक्ता संरक्षण ई-वाणिज्य नियम 2020 की धारा 3 में ई-वाणिज्य इकाई तथा बाजार स्थल की ई-वाणिज्य इकाई को अधिनियम के दायरे में रखा गया है, जो विरोधी पक्ष को उपभोक्ता के हित के लिए उत्तरदायी बनाता है।

## श्रीनिवास मिश्रा के उपाध्यक्ष नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- 45 वर्षों की संगठन निष्ठा को मिला दायित्व का सम्मान
- प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष पद पर श्रीनिवास मिश्रा की नियुक्ति से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा और दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि वे पिछले लगभग 45 वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन ने जब-जब जो जिम्मेदारी सौंपी, उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाने का प्रयास किया। आज सहकारी बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में उपाध्यक्ष का दायित्व मिला है, जिसे वे सेवा के अवसर के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,संगठन महामंत्री पवन साय,प्रदेश अध्यक्ष विधायक किरण देव,केदार कश्यप सहित समस्त पार्टी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

श्रीनिवास मिश्रा ने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता किसान होंगे। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के कृषक तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जैसी योजनाओं का किसानों को पूरा लाभ मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वे सतत प्रयास करेंगे।

### संगठन को किया मजबूत

व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी शशि भूषण रथ ने कहा कि श्रीनिवास मिश्रा लगभग 45 वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं और उन्होंने संगठन को मजबूत करने में निरंतर योगदान दिया है। किसान मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन स्तर तक पहुंचाया।प्रदेश अध्यक्ष विधायक किरण देव ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है,जो साधारण से साधारण कार्यकर्ता को भी उसकी योग्यता के अनुसार दायित्व देती है। लंबे समय तक पार्टी को समर्पित रहे। श्रीनिवास मिश्रा इस दायित्व के पूर्णतः योग्य हैं।

## ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मांई दंतेश्वरी में शीश नवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में निर्देश दीवान प्रदेश उपाध्यक्ष, अभिषेक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नीलाम्बर सेठिया जिला अध्यक्ष नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों की घोषणा संगठन द्वारा की गयी है। जिसमें बस्तर जिले से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दीवान, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी गजानन मानिकपुरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक साव पिन्टू और भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया नियुक्त हुये हैं। वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष राजपाल कसेर बनाये गये हैं।

आज पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त सभी पदाधिकारी भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाई सहित मुंह मीठा कराया। जिसके बाद भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मांई दंतेश्वरी मंदिर में शीश नवाया, पूजा अर्चना की और मांईजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को सशक्त बनाने व भाजपा की रीति नीति को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की।

इस दौरानआर्येन्द्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, रजनीश पाणिग्रही, लखीधर बघेल, सुब्रतो विश्वास, आलोक अवस्थी,मनोहर दत्त तिवारी, सुरेश गुप्ता,अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर,दिगंबर राव, मनोज पटेल,राजा यादव,हरिराम मंडावी, सतीश सेठिया, राधे सेठिया, चंद्रकांत सेठिया, जयमोहन शर्मा, उदय दुबे, राजू अगले, राम केसरी गोयल, कमल कुमारी, मीना सेठिया, ललक्ष्मी नारायण सेठिया, महेंद्र सेठिया, आदर्श ठाकुर, राधेश्याम, लजुगल किशोर, दिनेश सेठिया, मानिक राम पंत, विनायक बेहरा,हरीश पारेख, हरिशंकर, चेतूराम आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुरातात्विक ग्राम छिंदगांव में पहुंची आयुष मोबाईल मेडिकल यूनिट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मोबाईल मेडिकल यूनिट ने गांव के 76 ग्रामीणों का किया उपचार

आयुष विभाग रायपुर संचालनालय के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनीश साहू के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयुष मोबाईल मेडिकल यूनिट की टीम लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के पुरातात्विक ग्राम छिंदगांव में पहुंची। ग्राम के पंचायत भवन में मोबाईल मेडिकल यूनिट की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिल कुमार देवांगन ने ग्रामीणों का उपचार किया एवं मरीजों को निःशुल्क औषधियां प्रदान की गई। इसमें वातरोग, सर्दी, खांसी, दाद खाज, खुजली आदि से पीड़ति 76 ग्रामीणों का उपचार किया। इसमें फार्मासिस्ट गुणनिधि, सोनबोरई ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान ग्राम सरपंच सुखमती मौर्य और उप सरपंच रामचंद मौर्य का विशेष सहयोग रहा।

